छोटा भीम और स्वच्छता

## किताब 3



# मक्खियों की सेना

# छोटा भीम और स्वच्छता

यह किताब एक साफ–सफाई और स्वच्छता पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में बच्चों को सशक्त करना है ताकी वह समाज में लोगों को शौचालय का प्रयोग करने और साबुन से हाथ धोने का महत्व समझा सकते हैं। अधिक जानने के लिए https://elab.emerson.edu/hygiene/ देखें।

ENGAGEMENT LAB
द्वारा विकसित

GREEN GOLD Animation Pvt Ltd
MARY ANNE CHARITY TRUST MACT
साझेदारी में

UBS
UBS Optimus Foundation
द्वारा समर्थित



जग्गू जंगल में पेड़ों पर झूल रहा है तभी वह देखता है कि कीटाणु फैलाने वाला दुष्ट जादूगर एक कड़ाई पर झुककर कुछ मंत्र फूंक रहा है।

जग्गू छिपकर देखता है।

यह जानते हुए कि ढोलकपुर में लोग अभी भी शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं, कीटाणु फैलाने वाला जादूगर एक बहुत शक्तिशाली और विनाशकारी जादू पैदा करता है।



वह मंत्र की शक्ति के द्वारा मक्खियों के एक बड़े झुंड को ढोलकपुर पर हमला करने के लिए बुलाता है।



मक्खियाँ मल पर बैठती हैं।

उनके कई पैर हैं और वे अपने पैरों को मल पर रगड़ती हैं।



एक मक्खी उस लड्डू पर जा बैठती है जिसे ढोलू और भोलू खा रहे हैं।

जग्गू को इस बात से घिन होती है कि ढोलू और भोलू मक्खी द्वारा दूषित भोजन कर रहे हैं!

जब लोग शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं, तो मक्खियाँ हर किसी के भोजन को शौच से दूषित कर देती हैं!



फिर, कीटाणु फैलाने वाला जादूगर और भी भयंकर हो जाता है। वह ढोलकपुर पर बारिश करने के लिए एक मंत्र पढ़ता है।



बारिश का पानी शौच से कीटाणुओं को बहाकर आसपास के भूजल, झीलों, नदियों और नहरों में ले जाता है।

ये कीटाणु हमारे पीने के पानी में मिल जाते हैं!

पानी दिखने पर साफ लगता है लेकिन उसमें कीटाणु हो सकते हैं।

जब लोग शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं, तो मल सभी के पानी को दूषित कर देता है और लोग बीमार हो जाते हैं।

जग्गू को घिन होती है।

जग्गू ने जो कुछ देखा उसे अपने दोस्तों को बताने के लिए वह ढोलकपुर वापस भागता है।


ARTAN SHOP

भीम, कालिया, चुटकी और राजू बात कर रहे हैं कि कैसे ढोलकपुर में हर कोई दस्त से पीड़ित हो गया है।

वे फैसला करते हैं कि इससे पहले कि वे खुद बीमार पड जाएं, उन्हें बीमारी का कारण खोजना होगा।

पर पहले, एक स्वादिष्ट लड्डू का मज़ा लिया जाए!


RTAN SHOP

जग्गू आता है और हाथ मारकर भीम के हाथ से लड्डू नीचे गिरा देता है।

वह अपने दोस्तों को समझाता है कि रोग फैलाने के लिए कैसे कीटाणु फैलाने वाला जादूगर अपने जादू का इस्तेमाल कर रहा है।


BARTAN SHOP
FRUITS SHOP
KIRANA SHOP

वे हाथ धोने के मंत्र द्वारा स्वच्छता के जादूगर को बुलाते हैं।

वे उनहें बताते हैं कि कीटाणु फैलाने वाला जादूगर किस तरह मक्खियों का उपयोग खेतों में खुले में पड़े शौच से कीटाणुओं को भोजन तक पहुंचा रहा है, और साथ ही बारिश का उपयोग करके शौच को बहाकर पानी में मिला रहा है।

स्वच्छता का जादूगर कहता है कि वह अकेले अपनी शक्ति से गाँव की रक्षा नहीं कर सकता क्योंकि हर बार जब भी कोई बाहर शौच करने जाता है, तो कीटाणु फैलाने वाले जादूगर की शक्ति और बढ़ जाती है।


BARTAN SHOP
KIRANA SHOP

''हमें सभी को यह बताना होगा!'' चुटकी कहती है।

भीम बताता है कि कीटाणु फैलाने वाला जादूगर किस तरह रोग फैल रहा है।

इससे लोगों को घिन हो गई। उन्होंने कहा, लेकिन हम कभी भी दूषित भोजन या पानी को नहीं छुएंगे।


BARTAN SHOP
SHOP
KIRANA SHOP

कोई चिल्लाता है, "हमें सभी मक्खियों को मार देना चाहिए!" दूसरा चिल्लाता है, "मैं चाहता हूँ कि फिर कभी बारिश न हो!"

चुटकी बताती है कि यह मक्खियों या बारिश का दोष नहीं है। इसमें सभी की गलती है जो शौचालय का प्रयोग नहीं करते। इसी के कारण कीटाणु फैलाने वाला जादूगर इतना शक्तिशाली बना है।

चुटकी चॉक और पत्थरों की मदद से एक नक्शा बनाती है। वह इस पर उन जगह पर निशान लगाती है, जहां लोग खाते–पीते हैं।

लोग बाहर कहां शौच करते हैं, उन जगहों को दर्शाने के लिए वह रंगोली पाउडर का उपयोग करती है और एक बड़े पत्थर से उनमें से एक ढेर को ढक देती है। यह बड़ा पत्थर दर्शाता है कि उनके गाँव में शौचालय कहां है।


BARTAN SHOP
KIRANA SHOP
SHOP

चुटकी मक्खी का स्वांग करके बताती है, और हर कोई नक्शे के उपर चलके भिनभिनाता है।

फिर, वह हर किसी को बारिश का स्वांग करके बताती है, और अपने हाथों से ताली बजाकर गड़गड़ाहट जैसी आवाज पैदा करती है।


BARTAN SHOP
SHOP

रंगोली पाउडर पूरे नक्शे में फैल गया है।

चुटकी दिखाती है कि कैसे खुले में छोड़ा गया रंगोली पाउडर उनके गाँव में आसानी से फैल गया था, लेकिन बड़े पत्थर के नीचे दबा पाउडर नहीं फैला था।

शौच के प्रकरण में भी ऐसा ही होता है। यदि मल किसी शौचालय में है, तो यह नहीं फैलेगा। यदि यह खुले में है, तो यह मक्खियों, बारिश और अन्य चीजों से आसानी से फैल जाएगा।

चुटकी कहती है कि घर में शौचालय बनाना लड़कियों के लिए और भी सुरक्षित है क्योंकि उन्हें शौच जाने के लिए अंधेरा होने का इंतजार नहीं करना पड़ता है।

भीम एक योजना बनाता है। सभी को शौचालय का उपयोग करना होगा। कीटाणु फैलाने वाले जादूगर को हराने का यही एकमात्र तरीका है!